दिनांक : 09.12.2025 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार,

- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** की अध्यक्षता में आज **खजुराहो** में हुई कैबिनेट बैठक; **बुंदेलखंड के विकास** पर विशेष फोकस ।
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** ने आज **1 करोड़ 26 लाख लाड़ली बहनों** के खातों में **₹1,857 करोड़** की राशि **सिंगल क्लिक** से ट्रांसफर की।
- **मध्यप्रदेश के बैतूल** जिले के **भरेवा शिल्पकार बलदेव वाघमारे** को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से किया गया सम्मानित।
- क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच **5 मैचों की टी-20 श्रृंखला** का पहला मैच आज ।

कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज खजुराहो में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में बुंदेलखंड के विकास पर विशेष फोकस रखा गया। बैठक में औद्योगिक विकास, रोजगार, सड़क, स्वास्थ्य और सिंचाई से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए। कैबिनेट ने सागर जिले में मसवासी ग्रंट औद्योगिक क्षेत्र के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज मंजूर किया है। मीडिया से चर्चा करते हुए श्री यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास के लिए हम लगातार प्रयास कर रहें हैं ..

इसके साथ हि मंत्रि-परिषद ने सागर से दमोह के बीच 76 किलोमीटर लंबे फोरलेन सड़क मार्ग के निर्माण के लिए 2 हजार 59 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। दमोह, छतरपुर और बुधनी मेडिकल कॉलेजों के संचालन के लिए 990 नियमित और 615 आउटसोर्स पद स्वीकृत किए गए हैं। कैबिनेट ने नौरादेही अभयारण्य को चीतों के तीसरे रहवास के रूप में विकसित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी है।

**राष्ट्रीय- हस्तशिल्प पुरस्कार**

नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार और शिल्प गुरु पुरस्कार प्रदान किए। इस समारोह में मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के टिगरिया गांव से जुड़े भरेवा शिल्पकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार किया गया।पुरस्कार मिलने के बाद बलदेव वाघमारे ने कहा कि उनके लिए यह बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। उन्होंने बताया कि भरेवा शिल्पकला उनके परिवार में पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा है और वे इसकी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

**प्रतिमा का अनावरण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड हीरों और महावीरों की धरती है और यह क्षेत्र देश को महान योद्धा और संत देता रहा है। मुख्यमंत्री छतरपुर जिले के राजनगर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाराजा छत्रसाल के शौर्य को नमन करते हुए कहा कि खजुराहो में महाराजा छत्रसाल और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1 हज़ार 857 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की ।

**राज्यसभा - वंदे मातरम**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बना, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन का मार्ग प्रशस्त किया। आज राज्यसभा में वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरुआत करते हुए, श्री शाह ने कहा कि यह अमर कृति भारत माता के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना जागृत करती है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम की आवश्यकता स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी थी, आज भी है और 2047 में जब देश विकसित भारत बनेगा तब भी है।

**ईसीआई-एसआईआर**

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण- एस.आई.आर. के दूसरे चरण में अब तक मतदाताओं के बीच 50 करोड़ 99 लाख से अधिक गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। यह इस चरण में शामिल होने वाले लगभग 51 करोड़ मतदाताओं का 99 दशमलव नौ-सात प्रतिशत है। कटनी जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का कार्य पूरी तरह पूरा हो गया है। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल **10 लाख 2 हजार 140 मतदाताओं** के गणना प्रपत्रों का **शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन** कर लिया गया है। कलेक्टर ने सभी विधानसभा क्षेत्रों की टीमों, ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, सुपरवाइजर और राजनीतिक दलों के बीएलए के सहयोग की सराहना करते हुए बधाई दी है।

**राष्ट्रपति-मानवाधिकर दिवस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 1948 में स्वीकार की गई मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा को रेखांकित किया जाएगा। इस वर्ष के मानव अधिकार दिवस का विषय है - **हर रोज अनिवार्य - जन सेवाएं और सबके लिए गरिमा**।

मौसम

प्रदेश में बर्फीली हवाओं के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों से आ रही सर्द हवाओं ने पूरे प्रदेश को शीतलहर की चपेट में ले लिया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक कई जिलों में कोल्ड वेव यानी शीतलहर का असर बना रहेगा।

भोपाल, इंदौर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, जबलपुर, सिवनी और शहडोल जिलों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि नरसिंहपुर में कोल्ड डे की चेतावनी दी गई है।

## क्रिकेट

**क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 5 मैचों की टी-20 श्रृंखला आज से शुरू हो रही है। पहला मैच ओडिशा के कटक स्थित बाराबती स्टेडियम में** चल रहा **है**

**। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। भारत ने पहले खेलते हुए..2.4. ओवर में ..दो. विकेट पर 17 रन बना लिये हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

- खंडवा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में गर्भवती और हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच की गई।
- राजगढ में संवाद से समाधान" कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कार्य में लापरवाही पर जेएसओ व पंचायत सचिव की एक–एक वेतन वृद्धि रोक दी है।
- मकर संक्रांति पर्व को लेकर बैतूल जिले में चायना डोर के बढ़ते खतरे को देखते हुए कलेक्टर ने सम्पूर्ण बैतूल जिले में नायलॉन, चायना डोर के निर्माण, खरीद –फरोख्त, उपयोग और भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।
- आगरमालवा जिले में होने वाले त्रि–स्तरीय पंचायत के उप निर्वाचन–2025 में जिले की 07 पंच और 01 जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के लिये संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता लगा दी गई है।
- नर्मदापुरम जिले के इटारसी स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में आज महिला सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और कानूनी जागरूकता पर एक कार्यशाला आयोजित की गईं
- शिवपुरी में आज कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू यूनिट, मेटरनिटी वार्ड, ओपीडी, डायलिसिस यूनिट, समेत अन्य विभागों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।
- सतना में सांसद खेल महोत्सव 2025 के दूसरे चरण में अमरपाटन की टीम फुटबाल में विजेता रही।
- सी.एम. हेल्पलाइन के गुणवत्तापूर्ण निराकरण में झाबुआ जिले का प्रदर्शन 100 प्रतिशत रहा है। जिसके लिए कलेक्टर ने जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के सहायक सांख्यिकी अधिकारी संजय कुमार सोलंकी को प्रशंसा पत्र प्रदान किया।
- जबलपुर में ऑनलाइन उर्वरक खाद वितरण प्रणाली के बाद जिले में अब उर्वरक खाद्य की होम डिलीवरी भी पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू की गई है।
  और
- अशोकनगर में जेण्डर समानता नई चेतना अभियान 4.0 के तहत आज जिला स्तरीय जेण्डंर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

----------------------------------------